भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2236

उत्तर देने की तारीख 15 मार्च, 2021

24 फाल्गुन, 1942 (शक)

दिव्यांगजनों में खेलों का बढ़ावा दिया जाना

2236. **श्री नीरज डांगी** :

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में दिव्यांगजनों में खेल प्रतियोगिताओं को बढ़ावा देने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) गत पांच वर्षों के दौरान कुल कितनी धनराशि आवंटित / जारी की गई है, तत्संबंधी राज्य / संघ राज्य क्षेत्र-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) से (घ): खेल राज्य का विषय होने के कारण दिव्यांग जनों के लिए खेल प्रतियोगिताओं के संवर्धन सहित खेलों के विकास का उत्तरदायित्व राज्य / संघ राज्य क्षेत्र सरकारों का होता है। केंद्र सरकार महत्वपूर्ण कमियों को दूर करके उनके प्रयासों की पूर्ति करती है। तथापि, केंद्र सरकार ने वर्ष 2016-17 में एक केंद्रीय सेक्टर स्कीम नामत: खेलो इंडिया स्कीम शुरू की है और वर्ष 2017-18 में 12 घटकों के साथ इसे पुनर्संरचित किया । केंद्र सरकार द्वारा निधियां राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र-वार नहीं अपितु स्कीम-वार आवंटित की जाती हैं। खेलो इंडिया स्कीम के एक घटक नामत: 'दिव्यांगजनों में खेलों का संवर्धन' के तहत दिव्यांगजनों में खेलों के संवर्धन के लिए आजतक 13.73 करोड़ रु. की निधियां जारी की गई हैं।

***